आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 19.06.2024

मुख्य समाचारः—

1— विश्व सिकलसेल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार, सिकलसेल रोग से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रही है।

2— रायपुर में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिकलसेल पीड़ितों को जेनेटिक कार्ड का वितरण किया।

3— घरघोड़ा नगर पंचायत में गुणवत्ताहीन काम कराने के आरोप में नगरीय प्रशासन विभाग ने पांच अधिकारियों को किया निलंबित।

4— सारंगढ़—बिलाईगढ़ जिले में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने आठ लोगों को किया गिरफ्तार—आरोपियों के पास से करीब तेरह करोड़ रूपये की संपत्ति जब्त।

पीएम—सिकलसेल

आज विश्व सिकलसेल दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिकलसेल बीमारी पर काबू पाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार, सिकलसेल रोग से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल कर रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष, सरकार ने राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था और वह इस संबंध में जागरूकता पैदा करने, व्यापक जांच, रोग का जल्द पता लगाने और उचित देखभाल सहित अनेक पहलुओं पर काम कर रही है।

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार शीघ्र निदान को बढ़ावा देने, उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने और रोगियों की देखभाल बढ़ाने पर ध्यान दे रही है।

सिकलसेल—मुख्यमंत्री

विश्व सिकलसेल दिवस पर आज रायपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिकलसेल पीड़ितों को जेनेटिक कार्ड का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का रूप ले लेगा और भारत से सिकलसेल एनीमिया की बीमारी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी समुदाय के ज्यादातर लोग सिकलसेल एनीमिया से पीड़ित हैं। इन मरीजों के लिए स्वास्थ्य और आदिम जाति विकास विभाग के सहयोग से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर शुरू करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भी भेजा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के लिए सिकलसेल की जानकारी देने वाली हल्बी और गोंडी भाषा की पुस्तिका का विमोचन भी किया। वहीं, मुख्यमंत्री ने सिकलसेल से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन कर जागरूकता रथ को रवाना किया।

विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर आज प्रदेश के अन्य जिलों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नारायणपुर में सिकलसेल बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए दो प्रचार रथों को अबूझमाड़ और ओरछा के लिए रवाना किया गया।

## किसान सम्मान निधि योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के जिन किसानों को राशि जारी की है, उनमें छत्तीसगढ़ के तेईस लाख उनसठ हजार से अधिक किसान शामिल हैं। इन किसानों के बैंक खाते में प्रधानमंत्री ने चार सौ तिरासी करोड़ पचासी लाख रूपए अंतरित किए।

गौरतलब है कि श्री मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत कल वाराणसी से सत्रहवीं किश्त जारी की।

## बृजमोहन अग्रवाल–इस्तीफा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले, रायपुर लोकसभा से सांसद बनने के बाद श्री अग्रवाल ने विधायक पद से बीते सत्रह जून को इस्तीफा दे दिया था। मंत्री पद से इस्तीफे के बाद कैबिनेट ने बृजमोहन अग्रवाल को विदाई दी। श्री अग्रवाल के इस्तीफे के बाद अब राज्य मंत्रिमंडल में दो पद खाली हो गए हैं।

## घरघोड़ा–निलंबन कार्रवाई

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही बरतने के आरोप में पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।
रायगढ़ जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड़ का निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं पाया गया, जिसकी शिकायत पर विभाग की ओर से एक जांच समिति गठित की थी। बीते सात फरवरी को समिति ने रिपोर्ट सौंपी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर और उपमुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता, तीन उप–अभियंता – अजय प्रधान, प्रदीप पटेल और निखिल जोशी के अलावा लेखापाल जयानंद साहू के खिलाफ निलंबन का आदेश जारी कर दिया है।

## माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले में आज सुरक्षाबलों और माओवादियों में बीच मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ भेज्जी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एलारमड़गु और कोसनपारा के बीच जंगल में हुई। सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव को देखकर माओवादी घने जंगल में भाग गए। बाद में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से तीन हथियार सहित भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की है। इस अभियान में सीआरपीएफ की पचासवीं वाहिनी और जिला पुलिस बल ने भाग लिया।

## मुख्यमंत्री–केंद्रीय राज्यमंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से कल रायपुर में केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय राज्यमंत्री से छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत अब तक उनतालीस लाख सत्रह हजार से अधिक घरों में नल कनेक्शन दिया जा चुका है। धमतरी जिले में सबसे अधिक अंठानवे प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पचास लाख से

अधिक घरों में नल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है। इसके अलावा राज्य के तेरह जिलों में जल जीवन मिशन का पचहत्तर प्रतिशत से अधिक काम हो चुका है।

मुख्यमंत्री–एनसीसी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि एनसीसी ऐसा संगठन है, जो युवाओं को अनुशासन सिखाता है, चरित्र निर्माण करता है, साहसी बनाता है और निःस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री आज अपने निवास परिसर में आयोजित एनसीसी कैडेट और प्रशिक्षकों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में शामिल एनसीसी के अधिकारियों और कैडेट्स को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्य से किसी कैडेट का चुना जाना पूरे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एनसीसी का नेतृत्व कर प्रदेश की बालिकाओं ने छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एनसीसी द्वारा आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षुओं और कैडेटों को सम्मानित किया। वहीं, राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नौ सेना, थल सेना और वायु सेना के कैडेटों को भी पुरस्कृत किया गया। सम्मान समारोह के अंत में कैडेट्स द्वारा बैगा जनजाति पर आधारित नृत्य और कुचीपुड़ी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

एसीबी–छापा

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी द्वारा रिश्वत लेने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के ठिकानों पर आय से अधिक संपत्ति की जांच के लिए छापामार कार्रवाई की जाएगी। इसकी शुरुआत कोरबा से की गई है। यहां एसीबी की नौ सदस्यीय टीम ने दर्री जोन कार्यालय में पदस्थ सहायक अभियंता और उप अभियंता को रिश्वत लेते रंगहाथों पकड़ा है। इसके बाद एसीबी की टीम ने अदालत से सर्च वारंट लेकर इन अधिकारियों के अन्य ठिकानों पर भी छापा मारा।

आरोप है कि नगर निगम कोरबा में ठेकेदारी करने वाले एक व्यक्ति से दोनों अधिकारियों ने बिल पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगी थी।

सारंगढ़–ठगी

सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले में क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले आठ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें रायकोना का बहुचर्चित आरोपी और गिरोह का सरगना शिवा साहू भी शामिल है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक लाख रूपये नगद सहित तेरह करोड़ संतावन लाख इकसठ हजार की सम्पत्ति जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तेरह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोप है कि पकड़े गए लोगों ने राज्य के विभिन्न जिलों में एजेंटों के माध्यम से आठ महीने में रकम दोगुना करने का झांसा देकर चार करोड़ रूपय से अधिक की धोखाधड़ी की है।

पुलिस ने आज आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार किया है। साथ ही जब्त की गई संपत्ति के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है।

बलौदाबाजार घटना–मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार में बीते दस जून को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई आगजनी तथा तोड़फोड़ की घटना के मुख्य आरोपी किशोर नवरंगे को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसे लवन क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। किशोर नवरंगे भीम क्रांतिवीर संगठन का संस्थापक है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी

की जा रही है। अब तक इस घटना में शामिल एक सौ सैंतीस आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

<u>मंत्रिमंडल–निर्णय</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज रायपुर में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। अभी–अभी प्राप्त समाचार के अनुसार उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने बस्तर–सरगुजा विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण प्राधिकरण, अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है। अब मुख्यमंत्री इन पांचों प्राधिकरणों के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने उच्च शिक्षा विभाग में अतिथि व्याख्याता नीति का भी आज अनुमोदन किया है।

<u>दुर्घटना</u>

जांजगीर–चांपा जिले में आज बस की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग घायल हो गए हैं। घटना के बाद बस चालक फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार शिवरीनारायण–बिलासपुर मार्ग पर मेहंदी गांव के पास एक तेज रफ्तार बस ने दो मोटरसाइकिलों को ठोकर मार दी। इस हादसे में पति–पत्नी सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, घायल दो अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद नाराज लोगों ने शिवरीनारायण–बिलासपुर मार्ग पर चक्काजाम कर दिया था।

<u>श्री रामलला दर्शन योजना</u>

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज सरगुजा संभाग के लगभग साढ़े आठ सौ दर्शनार्थी अयोध्याधाम के लिए स्पेशल ट्रेन से रवाना हुए। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर`रवाना किया। सांसद ने अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, देश का पहला राज्य है, जहां शासन द्वारा पहल करके श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन की योजना संचालित की जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>